राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली
मंगलवार ● 15 जून ● 2021
12 पृष्ठ, मूल्य ₹ 4.00

डीयू दाखिले में ऑनलाइन एक्टिविटी भी बन सकती है क्राइटेरिया

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

यदि सब कुछ ठीक रहा तो दिल्ली यूनिवर्सिटी के दाखिले में इस बार ऑनलाइन एक्टिविटी भी क्राइटेरिया का हिस्सा बन सकती है। यह राहत डीयू के स्पोर्ट्स और ईसीए कोटे के दाखिले में दिए जा सकते हैं। हालांकि इस मामले में डीयू की दाखिले की स्टैंडिंग कमेटी और एडमिशन कमेटी में विचार किया जाएगा।

डीयू के स्पोर्ट्स और ईसीए कोटे के दाखिले में बीते तीन साल के सर्टिफिकेट्स के आधार पर दाखिले किए जाते हैं, लेकिन इस साल कोरोना महामारी के चलते साल 2020 से लेकर 2021 तक स्पोर्ट्स और ईसीए की ऑफलाइन एक्टिविटी नहीं हो पाई। स्कूलों की ऑनलाइन शिक्षा होने के बाद स्पोर्ट्स और ईसीए की एक्टिविटी ऑनलाइन ही की गई है। लिहाजा छात्रों के समक्ष ये समस्या रह सकती है कि कैसे वह पिछले तीन साल के सार्टिफिकेट्स देंगे, क्योंकि 2020 और 2021 में ऑनलाइन एक्टिविटी हुई है। ऐसे में छात्रों के पास 2020 से पहले के ही ऑफलाइन सार्टिफिकेट्स उपलब्ध हैं। ऐसे में यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि किस

पिछले दो साल में स्कूलों में हुई है ऑनलाइन स्पोर्ट्स ईसीए एक्टिविटी

स्पोर्ट्स और ईसीए के दाखिले में लिए जाते हैं 3 साल के सार्टिफिकेट्स

साल के सर्टिफिकेट्स लिए जाएंगे। क्या ऑनलाइन एक्टिविटी के सर्टिफिक्ट्स भी मान्य होंगे अथवा 2019 और उससे पहले के सर्टिफिकेट्स लिए जाएंगे। डीयू के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले में डीयू में विचार किया जाएगा कि किन सालों के सर्टिफिकेट्स माने जाएं। यह भी हो सकता है कि ऑनलाइन हुई स्पोर्ट्स और ईसीए एक्टिविटी के सर्टिफिकेट्स को मान लिए जाएं, लेकिन इसको लेकर डीयू दाखिले से जुड़ी कमेटियों में चर्चा की जाएगी कि किस तरह से सर्टिफिकेट्स को देखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस साल भी स्पोर्ट्स और ईसीए कोटे के दाखिले पूरी तरह से सर्टिफिकेट्स के आधार पर किए जाने की योजना है। लिहाजा इन दाखिलों के लिए ट्रायल भी नहीं होंगे। दाखिले के लिए स्पोर्ट्स और ईसीए कोटे के सार्टिफिकेट्स के आधार पर मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी। दाखिले पूरी तरह से ऑनलाइन होंगे। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रूमा पाठक ने बताया कि हमारे यहां चेस और योगा की ऑनलाइन एक्टिविटी हुई थी। उन्होंने कहा कि यदि डीयू ऑनलाइन एक्टिविटी के सार्टिफिकेट्स को दाखिले में लेता है तो छात्रों को राहत मिलेगी।